# किसानों को बीमा योजना से जोड़ने की प्रगति संतोषजनक नहीं

**बैठक**

## डीएम ने प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना खरीफ सीजन की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी एस.ए मुरुगेशन की अध्यक्षता में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी, ऑफ इण्डिया लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित तथा कृषि, विभाग, सहकारिता, सी.एस.सी (सामान्य सेवा केन्द्र) और बैंक के सहयोग से संचालित प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना खरीफ सीजन की समीक्षा बैठक आयोजित करते हुए किसानों के कल्याण के लिए किये जा सकने वाले विभिन्न प्रयासों पर चर्चा की गयी।


डीएम प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना खरीफ सीजन की समीक्षा करते हुए।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों और संस्थाओं के अधिकारियों से किसानों को फसल बीमा करवाने हेतु प्रेरित करने के प्रयासों, इसके लिए क्षेत्र में किये गये सेंसेटाइज वर्कशॉप, बिमित किसान और बिमित धनराशि इत्यादि का विवरण पूछा। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा आंकड़े प्रस्तुति के उपरान्त जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को बीमा योजना से जोड़ने की प्रगति उस दिशा तक संतोषजनक नही है, जितनी होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि विभिन्न स्कीम में पहले से सम्मिलित और जागरूक किसान ही हर स्कीम का लाभ ले पा रहा है और नये किसान उस सीमा तक नही जुड़ पा रहे हैं, जितने जुड़ जाने चाहिए थे। उन्होंने नये किसानों को फसल बीमा और लोनिंग स्कीम से जोड़ने पर जोर देने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

विकासखण्ड स्तर के सी.एस.एसी केन्द्रों के प्रभारियों ने बैठक में कहा कि कम्पनी से प्रॉपर डाटा उनकों नहीं मिल पा रहा है तथा कुछ डाक्यूमेन्ट अधूरे भी पाये जाते हैं। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में 400 से अधिक सीएससी (सामान्य सेवा केन्द्र) कार्यरत है, जिसमें, अकेले ग्रामीण क्षेत्रों में 200 से 250 तक कार्यरत हैं।

जिलाधिकारी ने कृषि, बागवानी, बैंक, सहकारिता, बीमा कम्पनी और सीएससी केन्द्रों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी आपसी समन्वय से तथा अपने–2 स्तर पर बेहतर प्रयास करें तथा रोस्टर बनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता व बीमा कैम्प कार्यक्रम आयोजित करें और अब–तक बीमा और लोनिंग लाभ से वंचित किसानों को फोकस करते हुए उनको बीमा करवाने को प्रेरित करें। इसके लिए उन्होंने अधीनस्थों की विकासखण्ड स्तर पर समन्वय बैठक करवाने तथा उनके कार्यों के बराबर निगरानी करते हुए प्रगति बढाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने सभी को निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभाग जो भी डेटा आपस में शेयर करें, उसको तेजी से शेयर करें और कोशिश करें कि डेटा पूर्ण हो और करेक्ट हो। उन्होंने बैंको को भी स्कीम के तहत् मुआवजा और लोनिंग विवरण की धनराशि में तेजी और परिपक्वता से कार्य करने के निर्देश दिये।



Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द



सीएसआर दिवस के शुभारंभ कार्यक्रम के मौके पर टीएचडीसी के अधिकारी।

## टीएचडीसी ने मनाया प्रथम सीएसआर दिवस

**संवाददाता** ऋषिकेश। टीएचडीसी द्वारा अपने कॉरपोरेट कार्यालय ऋषिकेश में लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा प्रथम सीएसआर दिवस का आयोजन किया गया। दिवस के प्रारम्भ में समारोह के मुख्य अतिथि डा. मधुकर गुप्ता, अपर सचिव, लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार व डी0वी0 सिंह, सीएमडी, टीएचडीसी द्वारा सीएसआर परियोजनाओं के क्रियान्वयन से सम्बन्धित उत्पादों के स्टालों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निदेशक तकनीकी एच0एल0अरोड़ा, निदेशक कार्मिक विजय गोयल, स्वतन्त्र निदेशक मोहन सिंह रावत गांववासी व प्रोफेसर एमके पण्डित द्वारा भी स्टॉलो की प्रशंसा की गयी तथा आजीविका एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों हेतु राज्यकीय योजनाओं को समेकित करते हुये अधिक से अधिक जनमानसों की आवश्यकता पूर्ति की अपेक्षा की गयी।

## बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प की महानगर संयोजिका मधु जैन ने घरों में संपर्क करके ऐसी बालिकाओं को शिक्षा के लिए प्रेरित किया जो आगे शिक्षा ग्रहण करना चाहती थी, लेकिन परिवार की आय कम होने के कारण शिक्षा में बाधा आ रही थी। उन्होंने तिलक रोड स्थित महावीर जैन कन्या पाठशाला में जाकर वहां की प्रधानाचार्य रेनू जैन से वार्ता करके उन बालिकाओं को आगे शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि मेरे एक आग्रह पर आपने इन बालिकाओं को अपने स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए स्थान दिया इसके लिए आपका बहुत बहुत धन्यवाद। बच्चों के माता–पिता ने बच्चों ने आगे पढ़ाने से मना कर दिया था, तब मधु जैन ने उनके परिवार वालों को समझाया और कहा कि उनके उज्जवल भविष्य में कहीं भी कोई भी बाधा आएगी तो हमेशा उनके साथ खड़ी मिलूंगी। आसपास रहने वाले सभी नागरिकों से अपील करती हूं कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम ऐसे बच्चों को टारगेट करें और मदद करें जो बच्चे स्कूल में नही जा रहे हैं।

## न्यूज डायरी

### मतगणना परिसर में मोबाइल ले जाने की अनुमति नही

**संवाददाता** देहरादून। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार मतगणना कक्ष एवं मतगणना परिसर में मोबाईल ले जाने की अनुमति नहीं है तथा मोबाईल का प्रयोग वर्जित है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी एस.ए मुरुगेशन ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अधिकारी राजीव कुमारनाथ त्रिपाठी को नोडल अधिकारी मोबाईल व्यवस्था नामित किया गया है। उन्होने नोडल अधिकारी मोबाईल व्यवस्था को निर्देश दिये कि 23 मई 2019 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2019 की मतगणना हेतु चयनित मतगणना केन्द्र महाराणा प्रताप स्पोर्टस कॉलेज, रायपुर के परिसर में प्रवेश करने वाले अधिकारी/कार्मिक/अभ्यर्थी/अभिकर्ता आदि के मोबाईल सुरक्षित रखने हेतु पर्याप्त स्टॉफ नियुक्त करते हुए समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

### अब गलत साइड से जाने पर वाहन हो जाएगा पंचर

**संवाददाता** देहरादून। दून पुलिस अब सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने और ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए वन–वे स्पाइक्स (टायर किलर) लगाने जा रही है। इसके लगाने से कोई गलत साइड से आएगा तो उसके टायर पंचर हो जाएंगे। इसकी टेस्टिंग की जा रही है। एसपी ट्रैफिक प्रकाश चन्द्र आर्य ने बताया कि शहर में अक्सर देखा गया है कि वन–वे साइड पर अधिकतर वाहन चालक गलत साइड ड्राइव करते हैं और बार–बार चेतावनी देने के बाद भी लोग नहीं मान रहे हैं। इसलिए यातायात पुलिस ने शहर में वन–वे स्पाइक्स लगाने का फैसला किया है। इसके तहत शहर के सभी वन–वे साइड पर वन–वे स्पाइक्स लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी इसकी टेस्टिंग चल रही है।

### एप्रिशिएशन दिवस पर प्लैटिनम लव बैंड्स के साथ 'राइसइनलव का जश्न मनाएं

**संवाददाता** देहरादून। प्यार में असफलताएं तो अनगिनत सामने आती हैं, लेकिन क्या आपको इसका ध्यान है कि प्यार में सफलताएं कितनी मिलती हैं? प्यार में अक्सर त्यागग करने और बलिदान देने, खुद को समझौतों की दुनिया में डुबो देने, आश्रित हो जाने और खुद को भुला देने की आवश्यकता पड़ती है। ये जोड़े एक–दूसरे को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करते हैं कि वे स्वकयं का बेहतर विकास करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पायें। अभियान के अंतर्गत 6 क्यूरेटेड प्लेटिनम कपल बैंड का कलेक्शन लॉन्च किया गया है जो विशेष रूप से जोड़ों के लिए अपने प्यार के दिन का जश्नठ मनाने के लिए तैयार किया गया है।

## बाहरी मजदूरों का होगा पुलिस वेरिफिकेशन

**संवाददाता** देहरादून। राजधानी दून में कुछ ही दिनों में आम और लीची का सीजन शुरू होने जा रहा है। ऐसे में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से कई मजदूर राजधानी का रुख कर हैं। वहीं, पुलिस विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर देहरादून के बागों में काम करने वाले बाहरी मजदूरों के सत्यापन के लिए अभियान चलाया है। बता दें कि जिले में काफी संख्या में आम और लीची के मौजूद है। मई महीने के अंत तक इन फलों का सीजन शुरू हो जाता है। ऐसे में इन बागों के ठेकेदारों को काफी तादाद में लेबर की आवश्यकता पड़ती है। जिसके चलते ठेकेदार सस्ती मजदूरी के चक्कर में उत्तर प्रदेश के जनपदों से बागों में काम करने के लिए मजदूर बुलाते है।

वहीं, इन्हीं दिनों में देहरादून में चोरी, चैन स्कचिंग, टप्पेबाजी जैसे कई मामले बढ़ जाते हैं। ऐसी वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए अब देहरादून पुलिस ने बागों के ठेकेदारों से संपर्क करने के बाद बाहरी जनपदों से आये मजदूरों के सत्यापन की कवायद तेज की है। इस मामले में एसएसपी निवेदिता कुकरेती ने बताया कि जितने भी ठेकेदार आम और लीची का ठेका लेंगे। इस संदर्भ में सभी सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं।

## पीसीसी अध्यक्ष ने प्रत्याशियों के लिए किया प्रचार

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने दो दिवसीय दिल्ली भ्रमण के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में प्रतिभाग किया।


प्रचार अभियान के दौरान पीसीसी अध्यक्ष प्रीतम सिंह व अन्य।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. आर.पी. रतूडी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह, नेता प्रतिपक्ष डॉ. इन्दिरा हृदयेश ने प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ चांदनी चौक से कांग्रेस प्रत्याशी जे0पी0 अग्रवाल के चुनाव प्रचार में प्रतिभाग किया तथा आज 10 मई को शीला दीक्षित, अजय माकन, राजेश लिलोथिया एवं विजेन्द्र सिंह के चुनाव प्रचार में प्रतिभाग किया।

अपने चुनाव प्रचार के दौरान प्रीतम सिंह ने दिल्ली में निवास कर रहे उत्तराखण्ड के प्रवासियों से कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने की अपील की। दिल्ली प्रवास के दौरान आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव संगठन के.सी. बेणु गोपाल एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी पी.सी. चाको से भी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी कार्यालय 24 अकबर रोड़ में मुलाकात की। चुनाव प्रचार में प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत, प्रचार समन्वयक धीरेन्द्र प्रताप, पूर्व मंत्री अजय सिंह, मुख्य कार्यक्रम समन्वयक राजेन्द्र शाह, महामंत्री शिल्पी अरोड़ा, प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, देहरादून महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा, किन्नू शुक्ला, एआईसीसी सदस्य सुमन्त तिवारी, पीसीसी सदस्य राजेश शर्मा, डॉ. केदार पलडिया आदि अनेक कांग्रेसजन शामिल थे।